प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 22.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साईंस विश्वविद्यालय और सेंट्रल फॉरेंसिक साईंस लैबोरेट्री भवन का किया भूमिपूजन—कहा कि एक सभ्य समाज में हिंसा और लाल आतंक का कोई स्थान नहीं।

2— केन्द्रीय गृहमंत्री नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ सहित माओवाद प्रभावित सात राज्यों के पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर नक्सल विरोधी अभियानों की कर रहे हैं समीक्षा।

3— बीजापुर में सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को किया गिरफ्तार—इसी जिले में माओवादियों ने दो ग्रामीणों की हत्या की।

4— प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**केन्द्रीय गृह मंत्री—छत्तीसगढ़—01**

________केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि एक सभ्य समाज में हिंसा और लाल आतंक का कोई स्थान नहीं है। इसीलिए, सरकार ने नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया है और इसे पूरा कर के ही रहेंगे।

केन्द्रीय गृहमंत्री ने आज छत्तीसगढ़ के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान नवा रायपुर के ग्राम बंजारी में नेशनल फॉरेंसिक साईंस विश्वविद्यालय और सेंट्रल फॉरेंसिक साईंस लैबोरेट्री के भवनों के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। साथ ही फॉरेंसिक साईंस विश्वविद्यालय रायपुर के अस्थायी परिसर का ई—उद्घाटन भी किया। श्री शाह ने इस मौके पर आई—हब यानि छत्तीसगढ़ छात्र स्टार्टअप और नवाचार हब का वर्चुअल शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधुनिक बनाने के लिए तीन नई शुरूआत हुई है। यह पहल आने वाले दिनों में न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे मध्य भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को आधार देने का काम करेंगी।

केन्द्रीय गृहमंत्री ने अगले वर्ष मार्च तक नक्सलवाद के पूरी तरह से सफाए के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों में सुरक्षा बल जिस तरह से अभियान चला रहे हैं, उससे हम अपना लक्ष्य जल्द हासिल कर लेंगे।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत अच्छी आत्मसमर्पण नीति बनाई है। उन्होंने माओवादियों से अपील की, कि वे इस नीति का फायदा उठाकर हथियार डालकर नये छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहभागी बनें।

केन्द्रीय गृहमंत्री रायपुर में छत्तीसगढ़ सहित नक्सल समस्या से प्रभावित सात राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर नक्सलवाद को खत्म करने के लिए चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा कर रहे हैं। इस बैठक में छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और ओड़िशा के पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

## केन्द्रीय गृह मंत्री–छत्तीसगढ़–02

केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह कल तेईस जून को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री इसी जिले के इरकभट्ठी बीएसएफ कैम्प का दौरा कर नक्सलियों के खिलाफ लड़ने वाले जवानों के साथ भी भेंट करेंगे।

## माओवादी–ग्रामीण हत्या

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इन माओवादियों को मद्देड़, गंगालूर अउ जांगला थाना अंतर्गत की गई अलग–अलग कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया है। मद्देड़ में एक माओवादी सहयोगी के पास से विस्फोटक, वर्दी, पिट्ठू और माओवादी साहित्य के साथ दैनिक उपयोगी की सामग्री बरामद की गई। वहीं, गंगालूर में सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में मुतवेंडी से तीन माओवादियों को विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही जांगला थाना अंतर्गत एक माओवादी को भी विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया गया है।

इसी जिले में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के जवानों ने पांच–पांच किलोग्राम के दो आईईडी बरामए किए हैं, जिन्हें बम निरोधक दस्ते की टीम ने निष्क्रिय कर दिया।

उधर, बीजापुर जिले में ही आज माओवादियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पामेड़ थाना अंतर्गत ग्राम सेंड्राबोर और एमपुर में माओवादी पहुंचे और दोनों ग्रामीणों को अगवा कर धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री–शालू डहरिया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की सॉफ्टबॉल खिलाड़ी शालू डहरिया को एक लाख सत्तर हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने उन्हें वीडियो कॉल कर शुभकामनाएं दीं। शालू डहरिया का चयन चौदह से बीस जुलाई तक चीन के सिआन में होने वाली एशिया यूथ सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। छत्तीसगढ़ से इस ओपन टूर्नामेंट के लिए केवल दो महिला खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें शालू डहरिया भी शामिल हैं।

जांजगीर चांपा कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शालू डहरिया को एक लाख सत्तर हजार रूपए की सहायता राशि का चेक सौंपा।

## रायपुर–'साइक्लोथॉन'

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो–एनसीबी जोनल यूनिट ने आज सुबह राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर 'साइक्लोथॉन' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साइकिल सवारों ने हिस्सा लिया। पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में एनसीबी रायपुर के उप निदेशक रविशंकर जोशी, सहायक पुलिस महानिरीक्षक–यातायात संजय शर्मा और अन्य लोगों ने हिस्सा लिया।

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और अवैध तस्करी विरोधी दिवस या विश्व मादक पदार्थ दिवस हर साल छब्बीस जून को मनाया जाता है। इस वर्ष बारह से छब्बीस जून तक "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" मनाया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों, रेलवे स्टेशनों, सार्वजनिक स्थानों और गांवों में लोगों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

**<u>मौसम</u>**

**<u>और अब पेश है मौसम का हाल...</u>**

प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार एक निम्नदाब का क्षेत्र दक्षिण पूर्व उत्तरप्रदेश और उसके आसपास स्थित है। साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। वहीं, एक द्रोणिका गुजरात के मध्य भाग से बांग्लादेश के मध्य भाग तक स्थित है। इसके असर से कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर और जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा कल तेईस जून को पुराना पुलिस मुख्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से निजी कंपनियों में एक सौ बीस पदों पर भर्ती की जाएगी।

– दुर्ग जिले के खमरिया कुरुदडीह में आज दो अलग–अलग कुओं से दो शव बरामद किए गए हैं। अमलेश्वर पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

– रायपुर जीआरपी पुलिस ने स्टेशन से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से करीब दस किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब दो लाख ग्यारह हजार रूपए बताई गई है।

– कोरबा जिले के करतला में एक मोटर साइकिल मवेशी से टकरा गई। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>